शिक्षक स्नातक चुनाव के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 42 फ्लाइंग स्क्वायड तैनात

पटना में 126 मतदान केंद्रों पर वोटिंग, दियारा में अश्वारोही गश्ती

पटना (आससे)। पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं।

23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 42 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 11 जोनल दंडाधिकारी और छह सुपर जोनल दंडाधिकारी तैनात रहेंगे। वहीं दियारा क्षेत्रों में निगरानी के लिए छह अश्वारोही टूप की व्यवस्था की गई है। बाँकीपुर गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित डिस्पैच सेंटर पर गुरुवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने मतदान कर्मियों, मजिस्ट्रेट और संबंधित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की।

उन्होंने सभी को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए पूरी निष्पक्षता और सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन की विश्वसनीयता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद कर्मी सीधे अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर जाएंगे।



मतदान समाप्त होने के बाद बैलेट बॉक्स और अन्य सामग्री लेकर निर्धारित स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचेंगे। किसी समस्या या असुविधा की स्थिति में तत्काल वरीय पदाधिकारी को सूचित करना होगा। मतदान के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध कराए गए बैंगनी रंग के कलम का ही इस्तेमाल किया जाएगा।

प्रत्येक मतदाता को निर्धारित कलम उपलब्ध कराने और मतदान के बाद उसे वापस लेने का निर्देश दिया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने पुलिस पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में सतर्क रहने का निर्देश दिया। सभी थानाध्यक्षों को बाइक क्यूआरटी की टीम तैयार रखने तथा डायल 112 की गाड़ियों को संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त करने को कहा गया है।

किसी भी असामान्य गतिविधि या विधि व्यवस्था की समस्या पर तत्काल कंट्रोल रूम अथवा वरीय अधिकारियों को सूचना देनी होगी। पटना जिले में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 46 और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 80 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस तरह जिले में कुल 126 केंद्रों पर मतदान होगा। सभी मतदान भवनों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफ ी की व्यवस्था की गई है। आचार संहिता के उल्लंघन या अनियमितता की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन संबंधी शिकायतों और जानकारी के लिए जिला एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों को समयबद्धता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ निर्वाचन कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक, सुरक्षा और निगरानी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का दावा किया है।

कुख्यात छोटू गोप गिरफ्तार

रंगदारी और फायरिंग मामले में शशि के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा दूसरा मुख्य आरोपित

पटना(निप्र)। पीरबहोर थाना क्षेत्र में रंगदारी वसूलने और अपने वर्चस्व को कायम करने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी करने वाले मामले में पटना पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस सनसनीखेज कांड के मुख्य आरोपी छोटू गोप को गिरफ्तार कर लिया है। छोटू पहले एनआईटी के पास स्थित गोलखपुर में रहता था, लेकिन बाद में उसने अपना ठिकाना बदलकर नासरीगंज कर लिया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छोटू एक बार फिर गोलखपुर में अपने किसी दोस्त से मिलने आया है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी कर उसे धर दबोचा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 9 अक्टूबर को पीरबहोर थाना क्षेत्र के नया गांव स्थित दरियापुर शीतला मंदिर के पास रंगदारी वसूलने और इलाके में अपना वर्चस्व स्थापित करने को लेकर शशि, छोटू और उनके अन्य साथियों ने बबलू व उसके साथियों के साथ मारपीट की थी। जब स्थानीय लोगों ने इस गुंडागर्दी और मारपीट का विरोध किया, तो आरोपी शशि और छोटू ने इलाके में दहशत फैलाने के उद्देश्य से ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग की थी। गोलीबारी की इस घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे।घटना की सूचना मिलते ही पीरबहोर थाना पुलिस मौके पर पहुँची थी और घटनास्थल से कई खोखे बरामद किए थे। इस पूरी वारदात के दौरान वहाँ लगे सीसीटीवी कैमरों में सभी आरोपियों की तस्वीरें कैद हो गई थीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पहले ही मुख्य आरोपी शशि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब छोटू गोप की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अन्य फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचकों को विशेष आकस्मिक अवकाश देने से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर मतदान दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश देय है।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014019 (Election) 2026-27

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
बिहार

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमण्डल, सीतामढ़ी

प्रथम शुद्धि–पत्र अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–08/2026–27

इस कार्यालय के पत्रांक 1593 अनु0 दिनांक 03.10.2026 द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 08 वर्ष 2026–27 जिसका पी0आर0 संख्या 013162 (BCD) 2026–27 है जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। जिसमें अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक – भवन/12–अभि0प्र0 (यो0)–02– विविध– 11/2026 9803 (भ) पटना दिनांक 15.10.2026 के आलोक में **परिमाण विपत्र से 10 (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाली निविदाएँ अमान्य मानी जाएगी।** पूर्व में उल्लेखित निविदा के कंडिका–25 में निम्नरूपेण संशोधित किया जाता है जिसे पढ़ा/समझा जाय :–

1. परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
2. परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्यप्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

PR- 013987 (B C D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, सीतामढ़ी।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
नालन्दा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के पत्रांक – 2850 (अनु0) दिनांक – 11.09.2026 एवं पी0आर0सं0– 011695 (BCD) 2026–27 के द्वारा भिन्न –भिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 06 ना0भ0प्र0, बिहारशरीफ/वर्ष 2026–27 को पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक– 7461(S) दिनांक 13.10.2026 एवं भवन निर्माण विभाग के ज्ञापांक– 9803 (भ) दिनांक 15.10.2026 के आलोक में अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

उकत सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
नालन्दा भवन प्रमंडल,
बिहारशरीफ

PR. No. 014008 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

निष्पक्ष चुनाव के लिए पटना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद : जितेन्द्र राणा

(निज प्रतिनिधि)

पटना। बिहार विधान परिषद के स्नाातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पटना पुलिस प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस महत्वपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में पटना और नालंदा जिले सहित कई अन्य जिले शामिल हैं, जहां पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं।

गुरूवार को आईजी जितेन्द्र राणा ने बताया कि निर्वाचन के मद्देनजर पटना एवं नालंदा दोनों जिलों के सभी निर्धारित मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं। निष्पक्ष मतदान कराने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर मजिस्ट्रेटों के साथ सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त, संपूर्ण इलाके में सघन



गश्ती, भ्रमणशीलता और लगातार निगरानी बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए गए हैं। सभी वरीय पदाधिकारी स्वयं मैदान में मौजूद रहकर विधि–व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेंगे। पुलिस प्रशासन ने कड़ा संदेश दिया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान यदि किसी भी असामाजिक तत्व या उपद्रवी द्वारा मतदान को प्रभावित करने या माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया, तो उसके खिलाफ कानून के तहत बेहद सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।आदर्श आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन कराने के साथ–साथ चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

बिहार सरकार

कार्यालय नगर पंचायत मानसी
Email-Ulb.mansi@gmail.com

आम सूचना संख्याः–08/2026–27

सर्वसाधारण एवं सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मानसी द्वारा सरकारी आदेशों की अवहेलना करने, विभागीय पत्रों को अनसुना करने तथा संविदा (एकारनामा) की शर्तों का घोर उल्लंघन करने के कारण एक फर्म/कम्पनी के कार्यादेश तत्काल प्रभाव से रद्द (Cancel) कर दिए गए है तथा उन्हें अगले 5 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट (Blacklist) कर दिया गया है।

फर्म का नाम	M/s Pandav Manufacturing Company
प्रोपराईटर का नाम एवं पता	श्री नागेन्द्र कुमार, 13 HMH Amarura, हनुमानगढ़, राजस्थान–335513
GEM Seller ID	ARPM200001680470
कार्य	Gem पोर्टल (BID No- GEM/2025/B/6092625, Date-27.03.2025) के माध्यम से कुल 23 अदद हाई मास्ट लाईट की आपूर्ति एवं मरम्मति का कार्य।

उपरोक्त फर्म/कम्पनी अगले 5 वर्षों तक नगर पंचायत मानसी के किसी भी कार्य, GEM पोर्टल से संबंधित निविदाओं अथवा अन्य किसी भी प्रकार के टेंडर में भाग नहीं ले सकेगी।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 013908 (B&C) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, मानसी

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

केएफसी-बारबेक्यू नेशन में गंदगी और सड़े खाद्य पदार्थों का भंडाफोड़

(निज प्रतिनिधि)

पटना। त्योहारों के इस माहौल में जब हर शख्स अपने दोस्तों और परिवार के साथ लजीज पकवानों और दावतों का लुत्फ उठाने की फिराक में रहता है, तब राजधानी पटना से आई एक चौंकाने वाली और चिंताजनक खबर ने सबको सकते में डाल दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की तरफ से शहर के नामचीन और मारूफ फूड आउटलेट्स केएफसी, बारबेक्यू नेशन और पिज्जा हट पर अचानक की गई ताबड़तोड़ छापेमारी ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि चमक–दमक वाले इन होटलों की रसोई के पीछे बदइंतमीज़ी और गंदगी का साम्राज्य किस कदर फैला हुआ है। अक्सर डॉक्टर सलाह देते नजर आते हैं कि सेहतमंद रहने के लिए घर का बना हुआ सादा खाना ही बेहतर है। इस छापेमारी के बाद अब लोगों को बाकायदा समझ आ रहा है कि आखिर क्यों डॉक्टरों की यह सलाह इतनी अहमियत रखती है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जब बुद्ध मार्ग स्थित केपी मॉल में वाकया बारबेक्यू नेशन के किचन का रुख किया, तो वहां का मंजर बेहद डरावना था। तहकीकात के दौरान वहां करीब 30 किलोग्राम सड़ा हुआ पनीर बरामद हुआ, जिससे भयानक बदबू आ रही थी। इस खराब पनीर की कीमत 11,400 रुपये आंकी गई। विभाग की सख्ती के बाद इस सड़े हुए पनीर के साथ–साथ 4 किलोग्राम चावल को भी मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया।हैरानी बात तो यह है कि उस किचन में शाकाहारी और मांसाहारी खानों को बिल्कुल बेपरवाही के साथ एक ही जगह पर रखा गया था। इसके अलावा, वॉश एरिया के पास रखे 15 किलोग्राम पैक्ड चिकन के इस्तेमाल पर भी फौरी तौर पर पाबंदी लगा दी गई।सिलसिला यहीं नहीं थमा, फ्रेजर रोड स्थित वन मॉल के बारबेक्यू नेशन में भी हालात जुदा नहीं थे। वहां तलाशी के दौरान ऐसी

स्वास्थ्य के साथ हो रहा है खिलवाड़

ब्रेड मिलीं जिनमें कीड़े रेंग रहे थे। इतना ही नहीं, रसोई में इस्तेमाल होने वाला 20 लीटर जहरीला और जला हुआ तेल भी जब्त कर के नष्ट किया गया।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त कुमार रवि की हिदायतों पर त्योहारों के मद्देनजर चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत शहर भर में केएफसी के पांच अलग–अलग आउटलेट्स की भी बारीकी से जाँच की गई।

कंकड़बाग आउटलेट में फ्रोजन एरिया में शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य सामग्रियों को एक साथ बेतरतीब ढंग से रखा गया था। टीम ने यहाँ से पैक्ड चिकन और सब्जियों के नमूने (सैंपल) जांच के वास्ते हासिल किए।

बोरिंग कैनाल रोड आउटलेट में खाद्य सामग्री तक पहुँचने वाली सीढ़ियाँ बेहद गंदी और टूटी–फूट हालत में थीं। फ्रीज़र के अंदर भी वेज और नॉन–वेज आइटम्स की मिलावट देखने को मिली।बेली रोड और अनीसाबाद आउटलेट का हाल जुदा नहीं था। बेली रोड पर रसोई की सफाई का कोई इंतजाम नहीं था, जबकि अनीसाबाद स्थित आउटलेट के शौचालय से उठने वाली बदबू और स्टोर रूम में गंदगी ने अधिकारियों को भी हैरान कर दिया। यहाँ से मेयोनीज़ और खुले मैदे के सैंपल लिए गए।रीजेंट सिनेमा हॉल आउटलेट में किचन की साफ–सफाई नदारद थी और खाने–पीने की अशिया से मुतालिक जरूरी विवरण तक दर्ज नहीं थीं।सिर्फ बारबेक्यू नेशन और केएफसी ही नहीं, बल्कि अनीसाबाद इलाके में स्थित 'पिज्जा हट' का हाल भी कुछ ऐसा ही निकला। यहाँ रसोई की दीवारों की टाइल्स पर मैल जमा हुआ था और शौचालय के आसपास भारी गंदगी फैली हुई थी। महकमे की टीम ने यहाँ से भी खुले मैदे का सैंपल जब्त किया है।

जांच दल ने तमाम संबंधित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उन्हें सरकार की फूड लैबोरेट्री में भेज दिया है। साथ ही, तमाम पाबंदियों और कमियों को दूर करने के लिए इन इदारों को 14 दिनों का नोटिस जारी किया गया है। महकमे ने साफ कर दिया है कि लैब की रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सिंचाई प्रमंडल, रजौली।
Email- eesinchairajauli2016@gmail.com

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय का पत्रांक 1461 दिनांक 07.10.2026 द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2026-27जिसका दैनिक सामाचार पत्र में प्रकाशन का P.R. No-013494 (WRD) 2026-27 है। उक्त निविदा की कंडिका 18 एवं 21को विलोपित करते हुए एक अतिरिक्त कंडिका जिसका क्रम संख्या 52''पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा निर्गत अधिसूचना का ज्ञापांक 7461(S) दिनांक 13.10.2026 द्वारा निर्गत पथ निर्माण विभाग का पत्रांक 2046(S) दिनांक 06.03.2014 द्वारा निरूपित प्रतिशत दर निविदा में न्यूत्तम दर सीमा 10 प्रतिशत को पुनः बहाल किया गया है। परिमाण विपत्र से 10 प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाले निविदायें अमान्य मानी जायेगी।

परिमाण विपत्र के दर से नीचे निविदित दर दिये जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) लेने का निम्नांकित प्रावधान किया जाता है :–

(1) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृतदर वाले निविदा के लिए 0.25% अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performace Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायगी।

(2) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.5% कार्य प्रतिभू (Additional Performace Guarantee) प्रति एक प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायगी।''जोड़ा जाता है, शेष कंडिका यथावत् रहेगा।

इसे इस हद तक संसोधित समझा जाय।

PR- 013986 (W R D) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल, रजौली।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय.
भवन प्रमंडल, खगड़िया

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–10/2026–27

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, खगड़िया।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दि0–16.10.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दि0–05.11.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दि0–06.11.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दि0–06.11.2026 को 03:30 बजे अपराह्न
6. निविदा कागजात की बिक्री का स्थान :– (i) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, भागलपुर। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, खगड़िया। (iii) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल सं0–1/2, खगड़िया।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– यथा क्रमांक–6 के अनुसार
8. कार्य का विवरण :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6
1	Repair and Maintenance of RTPS Room at Collectorate Campus Khagaria for the year 2026-27.	1,52,900.00	500	3100	21 दिन
2	Provision of Pavers Block work in Front Campus of BCD Office at Khagaria for the year 2026-27.	3,49,800.00	750	7000	21 दिन
3	Provision of Female Toilet in Jila Lok Shikayat Office in Collectorate Campus Khagaria for the year 2026-27.	1,88,061.00	500	3800	एक माह
4	Repair work of Guard Toilet Near Jila Lok Shikayat Office at Collectorate Campus Khagaria for the year 2026-27	1,24,500.00	500	2500	15 दिन
5	Provision of Pavers Block & Campus for Leveling PCC Near Guard Shed & Jila Lok Shikayat Office at Collecotrate Khagaria for the year 2026-27	1,58,000.00	500	3200	15 दिन
6	Repair work of Treasury Office at Khagaria for the year 2026-27.	5,68,900.00	1250	11400	एक माह
7	Repair and Maintenance of Inner side Second Floor Collectorate Building Khagaria for the year 2026-27.	2,93,000.00	750	5900	एक माह
8	Provision of PCC & Drain repair work of back side in Campus of BCD office at Khagaria for the year 2026-27.	2,10,700.00	500	4300	21 दिन
9	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Alauli Block at Khagaria District for the year 2026-27.	3,94,100.00	750	7900	एक माह
10	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Beldaur Block at Khagaria District For the year 2026-27.	3,85,900.00	750	7800	एक माह
11	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Gogari Block at Khagaria District for year 2026-27.	3,90,400.00	750	7900	एक माह
12	Renovation work of Approach Road in Campus of BCD Office at Khagaria for the year 2026-27.	5,09,600.00	1250	10200	21 दिन
13	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Khagaria Sadar Block at Khagaria District for the year 2026-27.	3,87,600.00	750	7800	एक माह
14	Repair and Painting work (with PHE work) of Data Centre & Record Room in Parabatta Block at Khagaria for the year 2026-27	3,87,300.00	750	7800	एक माह
15	S/R to Painting work of District Programme Implementation Committee Office at Sub-Division office Campus Khagaria in Distt. Khagaria for the year 2026-27.	3,96,100.00	750	8000	21 दिन
16	S/R to Painting work of Sub-Division Office Gogari in Distt. Khagaria for the year 2026-27.	4,79,200.00	750	9600	21 दिन
17	Repair & Painting work of BCD Office, Internal & External Portion at Khagaria for the year 2026-27.	5,23,700.00	1250	10500	एक माह
18	Repair work of Windows and Door in Ground Floor Verandah at Sub-Division Office Gogari in Distt. Khagaria for the year 2026-27.	6,30,200.00	1250	12700	एक माह
19	Renovation of Guard Room and Boundarywall at Treasury office in Khagaria District for the year 2026-27	1,85,600.00	500	3800	21 दिन
20	Repair & Painting work of B-Type Quarter in Second Block at Chitragupt Nagar Khagaria for the year 2026-27.	3,11,700.00	750	6300	15 दिन
21	Construction of Staff Toilet Complex (Septic Tank & Soakpit) on 1st floor over Existing Toilet at Sub-Division Office, Building Campus in Khagaria District for the year 2026-27	12,89,614.00	2500.00	25800.00	दो माह
22	Construction of Proposed Aadhar Centre at Khagaria Sub-Division Office Campus in Khagaria Dist. Khagaria for the year 2026-27	974700.00	1250.00	19500.00	दो माह

PR. No. 014061 (BCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, खगड़िया

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरूष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

सूबे के सभी सेकेंडरी-प्लसटू स्कूलों में 24 को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पहली बार 24 अक्तूबर को अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी की थीम होगा– बिहार की गौरवशाली परम्पराएं। इसके तहत विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बिहार की समृद्ध परम्पराओं, सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने पर जोर दिया जाएगा। संगोष्ठी और विद्यालयों में आधारभूत संरचना से जुड़ी जरूरतों की समीक्षा के लिए गुरुवार को शिक्षा विभाग की ओर से ऑनलाइन बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभाग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के आलोक में सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) सहित अन्य विद्यालयों में आधारभूत संरचना के बारे में जिलों से प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा की गयी। बैठक में सरस्वती विद्या निकेतन के प्रधानाध्यापकों द्वारा दिए जाने वाले दैनिक प्रतिवेदन की स्थिति पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशाला और आईएसएम लैब के प्रभावी उपयोग की समीक्षा की गयी। बैठक में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) शामिल हुए। वहीं, सरस्वती विद्या निकेतन के प्रधानाध्यापक अपने–अपने जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष से ऑनलाइन बैठक में जुड़े।

महादलित महिलाओं को साक्षर बनाने को चलेगा विशेष अभियान

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में महादलित समुदाय की 15 से 45 वर्ष तक की निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू चलेगा। इसके लिए 86 करोड़ रुपये की राशि राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी है।इस अभियान से तकरीबन 20 हजार महादलित टोले की महादलित महिलाएं साक्षर होंगी। इसके तहत महिलाओं को पढ़ने–लिखने के साथ दैनिक जीवन में उपयोगी गणित सिखाया जाएगा। वे अपना नाम लिखने, दस्तावेज और मोबाइल संदेश पढ़ने, निर्देश समझने तथा रुपये–पैसे की गिनती और घरेलू हिसाब–किताब का अभ्यास करेंगी। स्कूली शिक्षा से वंचित या पढ़ाई बीच में छोड़ चुकी महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चिह्नित टोलों में स्थानीय संसाधनों और कार्यकर्ताओं की मदद से शिक्षण केंद्र या सामुदायिक कक्षाएं संचालित होंगी। महिलाओं की पहचान कर उन्हें कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा और उनकी सुविधा के अनुसार कक्षाओं का समय तय होगा। परिवारों और समुदाय को भी अभियान के प्रति जागरूक किया जाएगा। साक्षरता से महिलाएं बैंकिंग, स्वास्थ्य, बच्चों की पढ़ाई और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी बेहतर ढंग से समझ सकेंगी। राशन, पेंशन, आवास, रोजगार और स्वास्थ्य योजनाओं की प्रक्रियाओं की जानकारी मिलने से बिचौलियों पर निर्भरता घटेगी और परिवार के फैसलों में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। अभियान के संचालन के लिए संबंधित विभागों और स्थानीय कर्मियों के बीच समन्वय किया जाएगा। नियमित समीक्षा में लाभार्थियों की संख्या और साक्षरता स्तर में सुधार का आकलन होगा।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल औरंगाबाद
E-mail ID- shlcdaurangabad@gmail.com

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2026-27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार www.eproc2.bihar.gov.in)

1. कार्य का विवरण :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि रू0 (ऑन लाईन अथवा फिजिकल/मेनुअल मोड में भुगतान) (लाख में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) रू0 में	कार्य समाप्ति की तिथि
1	सोनवर्षा वितरणी के विभिन्न बिन्दुओं पर गाद एवं जंगल सफाई तथा फॉल, इनलेट, प्रोटेक्शन वॉल का पुनर्स्थापन एवं तल मरम्मति P.C.C. कार्य।	61.52620	1.24	10000.00	1180.00	माह मार्च 2027 के पूर्व।

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक 14.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक 02.11.2026 से 07.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक। केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
4. प्री–बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान : दिनांक 04.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, सोन उच्चस्तरीय नहर अंचल, औरंगबाद के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.11.2026 के अपराह्न 3:30 बजे। केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा तकनीकि बीड निष्पादन उपरांत वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर घोषित की जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान : केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
9. निविदा वैधता की अवधि : 120 दिन।
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट http://www.eproc2.bihar.gov.in एवं state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल, औरंगाबाद
मो0– 7463889727

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.013920 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।